हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार 16 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 17 .6 डिग्री
न्यूनतम 2.6 डिग्री

9 सफाई कर्मियों ने निगम के गेट पर जड़ा ताला



10 गोसेवा भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग : पुनीत



## खबर संक्षेप

### हेरोइन और एमडीएमए के साथ युवक गिरफ्तार

**सोनीपत।** पुलिस की क्राइम यूनिट कुंडली ने मादक पदार्थ तस्करी में संलिप्त एक आरोपित को गिरफ्तार कर बड़ा खुलासा किया है। पुलिस टीम ने आरोपित कृष्ण उर्फ महाराज निवासी गांव डबरपुर को हेरोइन और एमडीएमए सहित दबोचा। पुलिस को खुफिया सूचना मिली कि कृष्ण उर्फ महाराज अपनी कार में हेरोइन लेकर गांव माहरा से भटाना जाफराबाद आने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस ने तुरंत नाकाबंदी की और संदिग्ध कार को रोक लिया। तलाशी के दौरान आरोपित की जैकेट से दो प्लास्टिक पॉलिथिन बरामद हुई। पुलिस ने बरामद सामग्री का वजन किया तो हेरोइन 12.37 ग्राम और एमडीएमए 6.43 ग्राम पाई गई। पुलिस ने आरोपी को एक दिन के रिमांड पर लिया है।

### सिसाना में लाखों की नकदी व सामान चोरी

**खरखौदा।** सिसाना गांव में रात को मकान में लगी जाली तोड़कर चोर कमरे के अंदर रखी अलमारी से लाखों रुपए का कीमती सामान व नकद राशि चुरा ले गए । पुलिस को दी शिकायत में मंजू ने बताया कि वह परिवार के साथ रात को घर में सो रही थी। करीब सुबह 7 बजे जब वह उठी तो मकान के जीने में लगी जाली टूटी हुई पाई। अंदर जाकर देखा तो कमरे में रखी अलमारी जिसमें चाबी लगी हुई थी वह भी खुली हुई पड़ी थी। अलमारी में रखें करीब दो लाख रूपए, दो सोने की चेन, तीन अंगूठी व कानों के बाले, एक जोड़ी चांदी की पाजेब चोरी हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। दूसरी घटना में उप मंडल के गांव मंडोरा में बलवान के खेत में बने कमरे से रात को अज्ञात व्यक्तियों ने ताला तोड़कर कमरे में रखी सोलर मोटर की तार चोरी कर ली है।

### महारानी दिद्दा का जयंती समारोह 18 को : दांगी

**गोहाना।** गुरुवार को शहर में महम मार्ग स्थित विश्वकर्मा कालोनी की पांचाल धर्मशाला में पांचाल समाज के लोगों ने बैठक आयोजित की गई। बैठक में महारानी दिद्दा विश्वकर्मा के गोहाना में 18 जनवरी को आयोजित होने वाले जयंती समारोह को लेकर विचारविमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य आजाद सिंह दांगी ने की। आजाद सिंह ने कहा कि कि लोहार वंश की महारानी दिद्दा विश्वकर्मा 958 ई. से 1003 की शक्तिशाली महारानी थी। वह लोहार वंश के राजा सिंह राज की पुत्री और काबुल के हिंदू शाही भीम शाही की पौत्री थी।

राज्यस्तर पर उपविजेता रही थी टीम, पांच से छह खिलाड़ियों को राष्ट्रीय टीम में लेने का प्रावधान

# राष्ट्रीय स्कूल हॉकी टूर्नामेंट के लिए टीम चयन को लेकर भेदभाव का आरोप, जिले से सिर्फ दो खिलाड़ियों का मौका देने से नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

झारखंड के रांची में 24 जनवरी को होने वाले राष्ट्रीय स्कूली हॉकी टूर्नामेंट के लिए अंडर 17 लड़कियों की टीम के चयन को लेकर भेदभाव के आरोप लगे हैं। कुछ खिलाड़ियों के अभिभावकों का आरोप है कि सलेक्शन कमेटी की ओर से राज्यस्तरीय टीम के चयन में लापरवाही बरती गई है। सलेक्शन कमेटी की ओर से राज्यस्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी खिलाड़ियों को राष्ट्रीय टीम में शामिल नहीं किया गया है। ऐसी रूकावटों से उत्कृष्ट खिलाड़ियों का मनोबल भी टूटता है। जब सलेक्शन कमेटी से इस बारे में जवाब मांगा गया तो वह अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के चयन करने में कोई स्पष्टीकरण भी नहीं दे रही है।

अभिभावक महेंद्र, मनीष कुमार, विजय कुमार, दिलबाग, दीपक, रामलखन, रघुबीर सिंह ने बताया कि खेल विभाग की ओर से 19 से 21 सितंबर 2025 को 58वीं राज्यस्तरीय स्कूल खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। राज्यस्तर पर हॉकी प्रतियोगिता के अंडर 17 में प्रदेशभर से लड़कियों की टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में हिसार की टीम ने प्रथम, सोनीपत की टीम ने द्वितीय, फतेहाबाद ने तृतीय व पानीपत की टीम ने चौथा स्थान प्राप्त किया था। इसके बाद तीन सदस्यीय सलेक्शन कमेटी ने राष्ट्रीय टीम में हिसार की 9 प्लस 1 खिलाड़ियों तो सोनीपत की केवल 2 खिलाड़ियों को जगह दी है, जबकि प्रावधान के अनुसार उप विजेता टीम में से आगामी चयनित टीम में 5 से 6 खिलाड़ियों को शामिल किया जाता है। यह सोनीपत की खिलाड़ियों के साथ अन्यायपूर्ण व्यवहार किया जा रहा है। अभिभावकों ने बताया कि खेल विभाग, पंचकूला को मामले में हस्तक्षेप पर सोनीपत की खिलाड़ियों को न्याय दिलाना चाहिए। अभिभावकों का यह भी आरोप है कि राष्ट्रीय हॉकी टूर्नामेंट को लेकर चयनित टीम को 19 जनवरी से अभ्यास करवाया जाएगा। हॉकी अभ्यास के लिए सोनीपत जिले का चयन किया गया है। यहां राष्ट्रीय स्तर पर चयनित खिलाड़ी 5 दिन अभ्यास के बाद राष्ट्र स्तर पर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करेंगे। वहीं निंदनीय बात यह है कि राष्ट्रीय हॉकी टीम को अभ्यास करवाने के लिए पीटीआई तक की सुविधा नहीं है। ऐसे में खिलाड़ी आगे कैसे प्रदेश का नाम रोशन कर सकेंगी।

#### यह बोले अभिभावक

- अभिभावक बोले, राज्यस्तर पर प्रथम स्थान पाने वाली हिसार टीम के 9 खिलाड़ियों को दी टीम में जगह, यह अन्यायपूर्ण
- सलेक्शन कमेटी खिलाड़ियों के चयन में स्पष्टीकरण देने से मुकरी, अब पंचकूला में अधिकारियों तक आवाज पहुंचाएंगे अभिभावक
- रांची में 24 जनवरी से होने वाले राष्ट्रीय हॉकी टूर्नामेंट को लेकर सोनीपत में 19 जनवरी से 5 दिन अभ्यास करेगी टीम
- पीटीआई की सुविधा न मिलने से खिलाड़ियों को उठानी पड़ेगी परेशानी



#### राज्यस्तर पर टीम चयन के लिए ऐसा कोई कोटा नहीं

राज्यस्तर पर टीम चयन के लिए ऐसा कोई कोटा नहीं है कि विजेता टीम से सभी खिलाड़ियों को राज्यस्तर पर चयनित किया जाए। यह सलेक्शन कमेटी पर निर्भर करता है कि यदि कोई खिलाड़ी पहले से अच्छा प्रदर्शन कर रहा है, किसी कारणवश वह प्रतियोगिता में हार जाता है तो उसे भी राज्यस्तरीय टीम में स्थान मिल सकता है। सभी खिलाड़ियों की प्रतिभा देखने के बाद ही राज्यस्तर पर टीम का चयन किया जाता है।

**- सत्यवीर**, वाईएसओ, खेल विभाग, पंचकूला

सांपला बाईपास पर एसटीएफ ने ललकारा तो की फायरिंग, पैर में गोली लगी

# पुलिस ने मुठभेड़ के बाद पांच हजार के इनामी बदमाश 'डॉक्टर' को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत/खरखौदा

जिले में बुधवार देर रात उस समय सनसनी फैल गई जब सांपला बाईपास पर एसटीएफ सोनीपत की टीम और एक इनामी हत्याकांड के आरोपित के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पुलिस पर फायरिंग करने वाले आरोपित को जवाबी कार्रवाई में गोली लगी और उसे घायल अवस्था में काबू कर लिया गया। यह आरोपित लंबे समय से पुलिस की पकड़ से बाहर था और उस पर पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। मुठभेड़ में घायल हुआ आरोपित रेवाड़ी जिले के गोकुलगढ़ क्षेत्र के मोहल्ला बाहरली बस्ती का निवासी अनूज उर्फ डॉक्टर है। गोली लगने के बाद उसे तुरंत खरखौदा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए खानपुर महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया।



#### युवक को अगवा कर हत्या का आरोप

डीएसपी इंदीवर ने बताया कि यह कार्रवाई एक गंभीर आपराधिक मामले से जुड़ी हुई है। उन्होंने जानकारी दी कि 15 अक्तूबर 2025 को रेवाड़ी के मोहल्ला आदर्श नगर निवासी अंकित के अपहरण की घटना सामने आई थी। इस मामले में अनूज उर्फ डॉक्टर और उसके साथियों पर अपहरण का आरोप लगा था। अपहृत युवक अंकित को गोकुलगढ़ के जंगल क्षेत्र में ले जाकर बेरहमी से पीटा गया था। गंभीर रूप से घायल हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। इसके बाद पुलिस ने मामले में हत्या की धाराएं जोड़ दी थीं।पुलिस जांच में यह तथ्य सामने आया था कि यह वारदात अचानक नहीं बल्कि पूर्व नियोजित साजिश के तहत अंजाम दी गई थी। साजिश में अनूज उर्फ डॉक्टर की भूमिका बेहद अहम थी।

#### पांच अन्य आरोपी भी गिरफ्तार

घटना के बाद से ही यह आरोपित फरार चल रहा था। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के लिए कई स्थानों पर दबिश दी, लेकिन वह हर बार पुलिस को चकमा देने में सफल रहा। इस मामले में पुलिस पहले ही पांच अन्य आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी थी, जबकि अनूज लगातार फरार बना हुआ था। उसकी गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए पुलिस द्वारा उस पर पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

#### बड़ी वारदात को अंजाम देने लिए घूम रहा था आरोपी

एसटीएफ गुप्त सूचना मिली कि अनूज उर्फ डॉक्टर खरखौदा क्षेत्र में मौजूद है और किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना मिलते ही एसटीएफ प्रभारी योगेंद्र के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया और सांपला बाईपास क्षेत्र में घेराबंदी की गई। जैसे ही पुलिस टीम ने संदिग्ध को रोकने का प्रयास किया, आरोपित ने खुद को घिरा देखकर पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में कार्रवाई करते हुए दो राउंड फायर किए। इनमें से एक गोली आरोपित के पैर में जा लगी, जिससे वह गिर पड़ा। उसके कब्जे से देशी पिस्तौल और तीन कारतूस बरामद हुए

बेगा से तीन दिन से लापता युवक के मामले में आरोपियों का सनसनीखेज खुलासा

# सोनू की हत्या कर शव यमुना किनारे दबाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

गांव बेगा से तीन दिन पहले लापता हुए 29 वर्षीय युवक सोनू उर्फ टिटा की गुमशुदगी के मामले में पुलिस ने उसकी तालाश शुरू कर दी है। थाना गन्नौर पुलिस ने जांच के दौरान संदिग्धों को राउंडअप कर पूछताछ की, जिसमें आरोपितों ने सोनू की हत्या करने की बात स्वीकार की है। पुलिस पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि किसी बात को लेकर सोनू से कहासुनी हो गई थी, जो बाद में हिंसक झगड़े में बदल गई। इसी दौरान सोनू की हत्या कर दी गई। आरोपितों ने शव को ठिकाने लगाने के लिए बेगा गांव के पास यमुना नदी के किनारे मिट्टी खोदकर दबाने की बात कही है। सूचना मिलते ही थाना गन्नौर पुलिस और सीआईए गन्नौर की टीम मौके पर पहुंची। ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में आरोपितों की निशानदेही पर सर्च अभियान चलाया गया। समाचार लिखे जाने तक मृतक का शव बरामद नहीं हो सका था। पुलिस का कहना है कि सर्च आपरेशन जारी है और शव की बरामदगी के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी




- आरोपी बोले- कहासुनी के बाद 29 साल के युवक की हत्या की
- ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पुलिस ने सर्च अभियान चलाया
- समाचार लिखे जाने तक शव बरामद नहीं हुआ

### दुकान से 197 नकली बैडमिंटन स्ट्रिंग जब्त

**सोनीपत।** नकली खेल सामान बेचने पर शिकंजा कसते हुए सिविल लाइन थाना पुलिस ने रेलवे रोड स्थित खेलकूद सामान की दुकान पर छापा डालकर डुप्लीकेट बैडमिंटन वायर बरामद की है। पुलिस ने वाई-वाई लोगो और योनेक्स (मोनूक्स) ब्रांड के नाम पर बेची जा रही कुल 197 पीस नकली बैडमिंटन स्ट्रिंग जब्त की है। एमएस ब्रांड प्रोटेक्टर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की ओर से अधिकृत जांच अधिकारी अमनप्रीत ने डीसीपी को शिकायत सौंपी थी। एमएस सनराइज स्पोर्ट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की तरफ से वाई-वाई लोगो और योनेक्स ब्रांड के कॉपीराइट व ट्रेडमार्क उल्लंघन के मामलों में जांच व कानूनी कार्रवाई के लिए अधिकृत किया गया है। उन्होंने थाना सिविल लाइन क्षेत्र में किए गए मार्केट सर्वे के दौरान रेलवे रोड स्थित मलिक स्पोर्ट्स दुकान पर वाई-वाई ब्रांड की बैडमिंटन वायर बिक्री के लिए रखी पाई। उन्होंने दुकान से बैडमिंटन रैकेट स्ट्रिंग खरीदी, जिसे दुकानदार ने असली बताकर बेचा, लेकिन जांच में वह नकली पाई गई।

### शिक्षक 19 को डीसी ऑफिस पर करेंगे प्रदर्शन

**गोहाना।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने अंतर जिला तबादला नीति में 95 प्रतिशत कार्यरत पदों की शर्त एवं 15 साल की सेवा पर खंड बदलने को अव्यवहारिक बताते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है। अगर सरकार इन शर्तों को वापस नहीं लेगी तो शिक्षक 19 जनवरी को प्रदेशभर में जिला उपायुक्त कार्यालयों पर प्रदर्शन करेंगे। संघ के राज्य सचिव जोगेंद्र सिंह जिला सचिव दिनेश छिकारा ने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा जिला कैडर के अध्यापकों हेतु प्रस्तावित नई अंतर जिला तबादला नीति में संबंधित जिले में 95 प्रतिशत कार्यरत पदों की शर्त एवं 15 साल की सेवा पर शैक्षणिक खंड बदलने की शर्त अव्यवहारिक है। जिला कोषाध्यक्ष रोहताश गंगाना ने कहा कि सरकार इन शर्तों को हटाकर नए सत्र की शुरुआत तक जेबीटी शिक्षकों से शुरू करते हुए सभी वर्गों के शिक्षकों के तबादले किए जाएं। जिला कार्यालय सचिव रोहतास चहल और ओमबीर विनोद कुमार ने कहा कि अंतर जिला तबादला नीति की ये शर्तें शिक्षक-विरोधी और शिक्षा हितों के प्रतिकूल हैं। उन्होंने सरकार से इसे वापस लेने की मांग की।

### प्रोपर्टी शाखा में कामकाज ठप, परेशानी

सोनीपत। नगर निगम की प्रापर्टी आइडी शाखा इन दिनों अव्यवस्था से जूझ रही है। एक जेडीओ के निलंबन और दूसरी जेडीओ के अवकाश पर जाने के बाद विभाग का कामकाज पूरी तरह ठप हो गया। हालात संभालने के लिए निगम ने चार्जशीट झेल रहे कुंडली नगरपालिका के सचिव पवित्र गुलिया को अस्थायी तौर पर जेडीओ का कार्यभार सौंपा है।गुलिया के सामने अब 400 लंबित फाइलों को निपटाने के साथ ही रोजाना आने वाली 70-80 शिकायतों का दबाव है। प्रापर्टी आइडी से संबंधित सभी काम ऑनलाइन होते हैं और अंतिम निर्णय जेडीओ के पास ही पहुंचता है। ऐसे में पद रिक्त रहने से नागरिकों की समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही थीं।निगम क्षेत्र में कुल 20 वार्ड हैं जिन्हें दो जोन में बांटकर जोनल टैक्स ऑफिसरों को जिम्मेदारी दी गई है। लेकिन प्रापर्टी आइडी की प्रक्रिया में जेडीओ की भूमिका सबसे अहम है। निलंबन और अवकाश के कारण जब दोनों पद खाली हो गए तो शाखा का काम पूरी तरह रुक गया।

इलाज के लिए परेशान हो रहे शहरवासी, बढ़ी परेशानी

मनोरोग विभाग के बाहर भी पसरा रहा सन्नाटा, बिना इलाज वापस लौटे मरीज

# नागरिक अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी से बंद रही नेत्र, हड्डी और चर्म रोग ओपीडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिला के नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं हवाहवाई साबित हो रही है। हालात यह है कि नागरिक अस्पताल में वीरवार को नेत्र व हड्डी रोग विशेषज्ञों की कमी से ओपीडी नहीं लग पाई। इसके कारण इलाज करवाने पहुंचे सैकड़ों मरीजों को बिना उपचार के वापस लौटना पड़ा। इनके अलावा चर्म रोग चिकित्सक की ओपीडी भी बाधित रही। जहां स्वास्थ्य विभाग की ओर से लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के दावे किए जा रहे हैं, वहीं नागरिक अस्पताल में आंखों देखा हाल कुछ और ही बयां कर रहा है। वीरवार को सैकड़ों मरीज अपने नेत्र व हड्डियों संबंधित बीमारियों की जांच करवाने के लिए दूरदराज क्षेत्रों से अस्पताल पहुंचे।

जब यह लोग ओपीडी काउंटर पर पर्ची बनवाने के लिए पहुंचे तो वहां मौजूद कंप्यूटर ऑपरेटर ने चिकित्सक के अनुपस्थित होने की जानकारी देकर मरीजों को वापस भेज दिया। ऐसे में मरीजों को बिना इलाज करवाना वापस लौटना पड़ा। वहीं हड्डी रोग जांच कक्ष में भी हालात चिंताजनक दिखे। हड्डी रोग विशेषज्ञ के अवकाश पर होने के चलते लोगों को इलाज नहीं मिल पाया। वीरवार को नेत्र, हड्डी व मनोरोग की ओपीडी बंद रहने के कारण इनके कक्षों में सन्नाटा पसरा रहा। नागरिक अस्पताल में इलाज के लिए आए मरीजों ने स्वास्थ्य विभाग व अस्पताल प्रबंधन पर सवाल उठाए। इलाज के लिए आई अनीता देवी, परमिला, अशोक कुमार व सुरेंद्र सिंह ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को स्वास्थ्य सेवाओं व इलाज के लिए निजी अस्पतालों के बजाय नागरिक अस्पताल पर निर्भर रहना पड़ता है।



**सोनीपत।** हड्डी रोग विशेषज्ञ न होने से कक्ष के बाहर परेशान होते मरीज।

#### आज से सभी सुविधाएं मुहैया करवाने का दावा

नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सुशील मानिकटालिया एक माह के अवकाश पर हैं, वह 2 फरवरी को वापस लौटकर सुचारू रूप से अपनी सेवाएं दे सकते हैं। इसके अलावा नेत्र विशेषज्ञ डॉ. लतिका दलाल व हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. विपिन दलाल 11 से 15 जनवरी तक अवकाश पर हैं। ऐसे में नेत्र रोग विभाग की जिम्मेदारी डॉ. विकास चहल को सौंपी गई है। तीन चिकित्सकों के एक साथ अवकाश पर जाने से स्वास्थ्य सेवाओं पर थोड़ा असर पड़ा है। शुक्रवार को मरीजों को पूर्ण रूप से स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवाई जाएंगी।

**-ज्योत्सना**, सिविल सर्जन, नागरिक अस्पताल, सोनीपत

### गोहाना के नागरिक अस्पताल में इनवर्टर की बैट्री फटी



**गोहाना।** शहर के नागरिक अस्पताल में गुरुवार दोपहर को अचानक से इनवर्टर की बैट्री फट गई। इससे कमरे मे आग लग गई और पूरे वार्ड में धुआं छा गया। घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे और फायर सिलेंडरों से आग पर तुरंत काबू कर लिया। गनीमत रही कि घटना के समय वार्ड में कोई भी मरीज व कर्मचारी नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। बरोदा रोड स्थित 50 बेड के नागरिक अस्पताल में पहली मंजिल पर सामान्य वार्ड बनाया गया है। यहां कमरा नंबर-114 में इनवर्टर के साथ दो बैटरी रखी गई थी। गुरुवार दोपहर करीब एक बजे अचानक से एक बैटरी फट गई। इससे कमरे में धमाका हुआ और आग लग गई। एसएमओ डॉ. दिनेश छिल्लर के अलावा कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे। कर्मचारियों ने फायर सिलेंडर से आग पर काबू पाया। वहीं अस्पताल परिसर की लाइट भी बंद की गई।

### झज्जर नपा के कर्मचारी से 2.44 लाख की ठगी

**सोनीपत।** जिले में साइबर ठग लगातार अपना जाल बड़ा कर रहे हैं, आए दिन लोगों को अपना शिकार कर रहे हैं। ताजा मामला सोशल मीडिया के जरिए घर बैठे कमाई का लालच देकर नगर परिषद झज्जर में कार्यरत कर्मचारी से 2.44 लाख रुपये की ठगी कर ली गईं। चौहान कॉलोनी निवासी अरुण ने साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है कि उनके मोबाइल पर व्हाट्सएप के माध्यम से मैसेज आया था। उनके पास ट्रांससेंडेंट डिजिटल के माध्यम से घर बैठे पैसे कमाने का मैसेज भेजा गया।

- साइबर ठगों ने घर बैठे कमाई का झांसा देकर लगाई चपत

शुरुआत में उन्होंने इसे नजरअंदाज किया, लेकिन बार-बार संपर्क किए जाने पर ठगों ने धीरे-धीरे उनका भरोसा जीत लिया। ठगों ने उन्हें टेलीग्राम ग्रुप में जोडक़र कुछ चैनल फॉलो करने जैसे छोटे-छोटे टास्क दिए। इसके बदले 120 रुपये जैसी मामूली रकम उनके खाते में ट्रांसफर कर दी गई। इससे पीड़ित को भरोसा हो गया और वह दूसरे ग्रुप से जोड़ दिए गए। ग्रुप में बताया गया कि सिक्स स्विस एक्सचेंज में पैसा लगाने पर अधिक मुनाफा मिलेगा। शुरुआत में 2 हजार और फिर 8 हजार रुपये निवेश करने पर रकम वापस भी लौटा दी गई। 1 और 2 जनवरी को पीड़ित के एचडीएफसी बैंक खाते से अलग-अलग खातों और यूपीआई के माध्यम से कुल 2.44 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए गए।

### सर्दी का प्रहार जारी, न्यूनतम पारा 2.6 डिग्री तक लुढ़का

**सोनीपत।** सोनीपत जिले में मौसम का मिजाज कड़क होता जा रहा है। जिसकी वजह से कड़ाके की ठंड भी लगातार जनजीवन को अस्त व्यस्त कर रही है। वीरवार को जिले में सुबह के समय कोहरे की चादर छाई रही। वहीं पूरा दिन शीतलहर का ऐसा प्रकोप देखा गया कि लोग दिन भर ठिठुरने को मजबूर रहे। बर्फीली हवाओं ने सामान्य कामकाज की गति को रोक दिया है और लोग घरों में कैद होने को विवश हैं। सरगथल क्षेत्र में न्यूनतम तापमान 2.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है जो इस सीजन की सबसे अधिक ठंड को दर्शाता है। सोनीपत के सरगथल समेत आसपास के इलाकों में तापमान गिरने से स्थिति गंभीर हो गई है। अधिकतम तापमान भी 17.6 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है जिसके कारण दिन और रात के तापमान का अंतर कम हो गया है। इससे गलन और बढ़ गई है। सोनीपत में वीरवार को लोग सुबह से ही अलाव तापते नजर आए। ठंड का असर बाजारों पर भी दिखा जहां अन्य दिनों की तुलना में कम भीड़ रही।

- करीब 11 किमी. प्रति घंटा की रफ्तार से चली हवा

#### हाईवे पर कोहरे का पहरा, शीतलहर ने जकड़ा

बुधवार की रात साढ़े दस बजे से ही घना कोहरा छाना शुरू हो गया था। दृश्यता कम होने के कारण नेशनल हाईवे सहित अन्य संपर्क मार्गों पर वाहनों की रफ्तार थम गई। चालकों को इंडिकेटर और फॉग लाइट का सहारा लेकर रेंगते हुए आगे बढ़ना पड़ा। वीरवार को दिन में करीब 11 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से ठंडी हवाएं चलती रहीं। हालांकि सुबह सात बजे शहरी क्षेत्रों से कोहरा छट गया था और साढ़े 10 बजे सूरज के दर्शन भी हुए लेकिन बर्फीली हवाओं के सामने धूप बेअसर साबित हुई। जिले में वायु प्रदूषण की स्थिति जानने के लिए लगा वायु गुणवत्ता मापक यंत्र खराब पड़ा है। इसके कारण शहरवासी यह नहीं जान पा रहे हैं कि वे कितनी जहरीली हवा में सांस ले रहे हैं।

रोचक / शिखर चंद जैन

# पट-पट उछलने-कूदने वाला पॉपकॉर्न!





बच्चो, पॉपकॉर्न यानी भुने हुए मकई के दाने। मकई के दाने भूनते समय तुमने देखा होगा, कैसे पट.. पट.. करके उछलते-कूदते हैं। इन्हें देखकर बहुत मजा आता है। ये भूनते समय इस तरह क्यों उछलते-कूदते हैं? इन्हें इस तरह कब से खाए जाने की शुरुआत हुई, इनका क्या है इतिहास, इसका नाम पॉपकॉर्न कैसे पड़ा? पॉपकॉर्न से जुड़ी रोचक जानकारियां।

बच्चो, पॉपकॉर्न एक ऐसा स्नैक्स है, जो टेस्टी होने के साथ-साथ हेल्दी भी होता है। हल्की-फुल्की भूख के लिए पॉपकॉर्न एक बेहतरीन ऑप्शन है। तुम्हारा यह पसंदीदा पॉपकॉर्न दुनिया भर में पॉपुलर है। क्या तुम्हें पता है, पॉपकॉर्न की पसंद और इसके हेल्थ बेनिफिट्स को सेलिब्रेट करने के लिए 'पॉपकॉर्न-डे' भी मनाया जाता है। बच्चो, हर साल 19 जनवरी को अमेरिका में 'नेशनल पॉपकॉर्न-डे' मनाया जाता है।

**नया नहीं है पॉपकॉर्नः** कॉर्न (मकई) के एक विशेष प्रकार, जिसका वैज्ञानिक नाम 'जिया मेज एवर्टा' है, से पॉपकॉर्न बनाया जाता है। यह मकई



इस मायने में अलग है कि इसका पेरिकार्प यानी छिलका मोटा होता है। पॉपकॉर्न बनाने की शुरुआत 5000 साल से भी पहले हो चुकी थी। पेरू में 6700 साल पहले भी पॉपकॉर्न खाए जाते थे, इस बात के भी प्रमाण मिले हैं।

**कब हुआ पॉपुलरः** 1885 में चार्ल्स क्रेटर्स द्वारा मोबाइल पॉपिंग कार्ट के आविष्कार के बाद से पॉपकॉर्न पॉपुलर हुआ। इसके बाद से पॉपकॉर्न आसानी से तैयार किए और खरीदे-बेचे जाने लगे। धीरे-धीरे यह बच्चों और बड़े सभी का फेवरेट स्नैक्स बनता गया। खाने के साथ-साथ पेड़-पौधों की सजावट में भी इसका इस्तेमाल किया जाने लगा। आज भी कई जगहों पर क्रिसमस ट्री को सजाने के लिए पॉपकॉर्न का इस्तेमाल किया जाता है।



**उछलता है इसलिए नाम पड़ा 'पॉप' कॉर्नः** पॉपकॉर्न के दानों में 14 प्रतिशत तक नमी होती है। जब इन दानों को गर्म किया जाता है, तो पानी भाप बन जाता है। यह भाप जब दाने से बाहर आने का प्रयास करती है तो दाना पट-पट की आवाज के साथ उछलता है और फूट जाता है। जिससे ये पॉपकॉर्न बन जाते हैं। फूटते समय पॉपकॉर्न 3 फीट (लगभग 1 मीटर) तक उछल सकता है। इसके उछलने की प्रवृत्ति के कारण ही इसे 'पॉप' कॉर्न कहते हैं।

**तरह-तरह के पॉपकॉर्नः** पॉपकॉर्न कई तरह के होते हैं। 'जिया मेज' की लगभग 25 विभिन्न किस्में हैं। इनमें से दो प्रमुख प्रकार हैं-राइस पॉपकॉर्न और पर्ल पॉपकॉर्न। मक्के की यह प्रजाति आमतौर पर छोटी होती है। इसके दाने का आवरण और बाहरी भ्रूणपोष बेहद सख्त होता है।

**दो तरह के मुख्य शेपः** पॉपकॉर्न मुख्य रूप से दो अलग-अलग शेप में फूटते हैं।

**स्नोफ्लेकः** यह आकार में बड़ा और ऊबड़-खाबड़ होता है। मूवी थिएटर में तुम यही पॉपकॉर्न खाते हो। यह दिखने में ज्यादा लगता है।

**मशरूमः** यह गोल और ठोस होता है। इसका इस्तेमाल तब किया जाता है, जब पॉपकॉर्न पर चॉकलेट या कैरेमल की परत चढ़ानी हो, क्योंकि यह आसानी से टूटता नहीं है।

**हेल्दी ब्रेकफास्ट है पॉपकॉर्नः** पॉपकॉर्न खाने में मजा तो आता ही है, यह हेल्थ के लिए भी अच्छा होता है। 19वीं सदी में इसे दूध और चीनी के साथ नाश्ते के रूप में खाया जाता था। आज भी इसे तरह-तरह से खाया जाता है। इसमें भरपूर फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं। साथ ही पॉपकॉर्न, मैंगनीज, फॉस्फोरस और जिंक का अच्छा स्रोत है। इसमें कैलोरी बेहद कम होती है और हार्मफुल ग्लूटेन नहीं पाए जाते। आजकल मल्टीप्लेक्स मूवी थिएटर्स में बड़े-बड़े स्टाइलिश डब्बों में तरह-तरह के मसालों से युक्त पॉपकॉर्न खूब बिकते हैं। *

### दुनिया का सबसे बड़ा पॉपकॉर्न बॉल

बच्चो, क्या तुम इमेजिन कर सकते हो कि एक पॉपकॉर्न बॉल कितना बड़ा हो सकता है? अमेरिका के आयोवा राज्य के सैक सिटी में साल 2016 में 9,370 पाउंड (लगभग 4250 किलोग्राम) वजन का पॉपकॉर्न बॉल बनाया गया। यह पॉपकॉर्न बॉल 24 फीट चौड़ी और 8 फीट से ज्यादा ऊंची है। इस पॉपकॉर्न बॉल का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल है।

### माइक्रोवेव की खोज में मददगार बना पॉपकॉर्न

बच्चो, एक इंटरेस्टिंग फैक्ट यह है कि तुम्हारे घर में रखे माइक्रोवेव ओवन का आविष्कार पॉपकॉर्न की वजह से ही हुआ था। साल 1945 में पर्सी स्पेंसर नाम के वैज्ञानिक एक मशीन पर काम कर रहे थे। उन्होंने देखा कि हीट की वजह से उनकी जेब में रखे पॉपकॉर्न के दाने अचानक फूटने लगे। इसी से उन्हें माइक्रोवेव बनाने का आइडिया आया।

पेंगुइन अपनी अनोखी शारीरिक संरचना के लिए जाना जाता है। इनकी ज्यादातर प्रजातियां लुप्त होने की कगार पर हैं। पेंगुइन पर मंडराते खतरे के कारण इनके संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रति वर्ष 20 जनवरी को 'पेंगुइन अवेयरनेस-डे' मनाया जाता है। जानो, पेंगुइन की कुछ प्रजातियों के बारे में।

# अजब-अनूठा पक्षी पेंगुइन

पक्षी जगत
मच्छिंद्र ऐनापुरे



पेंगुइन पक्षी का नाम सुनते ही हमारे दिमाग में एक प्यारे-से, काले-सफेद रंग का पक्षी आ जाता है, जो बर्फ पर मजेदार ढंग से मटकते हुए चलता है। बच्चो, दुनिया में पेंगुइन की अनेक प्रजातियां पाई जाती हैं। जानो, पेंगुइन की कुछ प्रजातियों के बारे में।

**एंपरर पेंगुइनः** यह पेंगुइन की दुनिया का राजा माना जाता है। एंपरर पेंगुइन सबसे बड़े आकार के पेंगुइन होते हैं। इनकी ऊंचाई लगभग 3 फीट 7 इंच होती है। वजन 35 से 40 किलो तक होता है। ये अत्यंत ठंडे इलाके अंटार्कटिका में रहते हैं। एंपरर पेंगुइन शानदार तैराक होते हैं, ये गहरे समुद्र में गोते लगाकर तैरते हैं।



**यलो-आइड पेंगुइनः** यह पेंगुइन न्यूजीलैंड में पाया जाता है। इसकी पीली-पीली आंखें और सिर पर पीली धारियां होती हैं। इसकी शारीरिक विशेषताओं के आधार पर ही इसका नामकरण हुआ है।

**किंग पेंगुइनः** एंपरर पेंगुइन से आकार में थोड़े छोटे और दुनिया के दूसरे सबसे बड़े आकार के पेंगुइन होते हैं-किंग पेंगुइन। इनके सिर के पास पानी की बूंद जैसा पीला निशान होता है। इनमें भी वे सभी विशेषताएं पाई जाती हैं, जो एंपरर पेंगुइन में होती हैं। ये भी अंटार्कटिका में पाए जाते हैं।

**रॉकहॉपर पेंगुइनः** इनकी आंखों के ऊपर सुंदर-सी भौंहें होती हैं। ये चट्टानों पर उछल-कूद करते हुए चलते हैं। रॉकहॉपर पेंगुइन की दो प्रमुख प्रजातियां पाई जाती हैं। पहली, नॉर्दन रॉकहॉपर, जिनकी भौंहें बड़ी और उभरी हुई होती हैं। दूसरी, सदर्न रॉकहॉपर, जिनकी भौंहें थोड़ी छोटी होती हैं।

**मैकरॉनी पेंगुइनः** इस पेंगुइन का नाम (खाने वाली डिश मैकरॉनी) बड़ा मजेदार है न! इसका चेहरा काला, चोंच नारंगी और माथे पर पीले रंग की सुंदर कलगी होती है। यही इसकी पहचान है।



**लिटिल पेंगुइनः** नाम जैसा, आकार वैसा! ये दुनिया के सबसे छोटे आकार के पेंगुइन होते हैं। इनकी ऊंचाई सिर्फ 12 से 13 इंच तक और वजन करीब 1.2 से 1.3 किलोग्राम तक होता है।

**गैलापैगोस पेंगुइनः** यह दुनिया की इकलौती पेंगुइन प्रजाति है, जो भूमध्य रेखा (इक्वेटर) के पास रहती है। यह गैलापैगोस द्वीप समूह में पाई जाती है।

**अफ्रीकन पेंगुइनः** ये पेंगुइन अफ्रीका महाद्वीप के दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया देशों में पाए जाते हैं। इन पेंगुइन की आंखों के चारों ओर फर नहीं होते और छाती पर काली पट्टी होती है। *

### भारत में भी देखी जा सकती है पेंगुइन



बच्चो, तुम सोच सकते हो कि कि पेंगुइन सर्द प्रदेशों/स्थलों में पाया जाने वाला पक्षी है, इसे भारत जैसे गर्म देश में नहीं देखा जा सकता, लेकिन ऐसा नहीं है। तुम अपने देश में भी पेंगुइन को देख सकते हो। मुंबई के वीरमाता जीजाबाई भोसले प्राणी संग्रहालय (रानी का बाग) में 18 पेंगुइन देखे जा सकते हैं। ये हंबोल्ट प्रजाति के पेंगुइन हैं, जो मूल रूप से पेरू और चिली से लाए गए हैं। साल 2016 में यहां सिर्फ 8 पेंगुइन थे, अब उनकी संख्या बढ़कर 18 हो गई है।

कविता / फहीम अहमद

## मखमली धूप



ठिठुर रहे तन को लगती है
मखमल-सी जाड़े की धूप।
धीरे से मन को छू जाती
कोमल-सी जाड़े की धूप।
मीठे गीत सुनाती हमको,
कोयल-सी जाड़े की धूप।

सबके दिल में घर कर जाती
चंचल-सी जाड़े की धूप।
ठिठुरन वाले सन्नाटे में
हलचल-सी जाड़े की धूप।
जब छत पर लेटें तो ओढ़ें
कंबल-सी जाड़े की धूप।
नानी की गोदी, अम्मा के
आंचल-सी जाड़े की धूप।



## बूझो तो जानें

1 भूरा-काला रुई-सा हल्का
मैं नभ में उड़ता जाता।
बरसातों का दूत बनूं मैं
गड़-गड़ गड़-गड़ शोर मचाता।

2 सड़क नहीं, आकाश सवारी
पंख लगे, पर नहीं हूं चिड़िया।
लोगों को सुदूर पहुंचाऊं
वायु भांति मेरी गति बढ़िया।

3 बत्ती नहीं, न कोई तेल
रातों को कर देता जगमग।
ज्यों नींद खुले सूरज की
मैं छुप जाता चलकर डगमग।

- गौरीशंकर वैश्य विनम्र

उत्तर : 1.बादल, 2.हवाई जहाज, 3.जुगनू

## जीके क्विज-188



1. दृष्टिबाधित लोगों के लिए पहली ब्रेल लाइब्रेरी किस राज्य में खोली गई है?
2. भारतीय महिला हॉकी टीम का मुख्य कोच हाल ही में किसे नियुक्त किया गया है?
3. सर्वोच्च न्यायालय के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश कौन हैं?
4. इन दिनों 53वें विश्व पुस्तक मेला का आयोजन किस शहर में किया जा रहा है?
5. सापेक्षता का सिद्धांत (थ्योरी ऑफ रिलेटिविटी) की खोज किसने की थी?
6. विश्व का सबसे घना जंगल कौन सा है?
7. लावणी किस राज्य का पारंपरिक लोकनृत्य है?
8. भारत में केसर का उत्पादन सबसे ज्यादा किस राज्य में होता है?
9. विश्व का सबसे बड़ा मरुस्थल कौन सा है?
10. 'डिस्कवरी ऑफ इंडिया' के लेखक कौन हैं?

बच्चो, जीके क्विज-188 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-187 का उत्तर :** 1.दीप्ति शर्मा, 2. जापान, 3.काम्या कार्तिकेयन, 4.सारनाथ, 5.सी. राजगोपालाचारी, 6.ओडिशा, 7.विटामिन-ए, 8.मुंबई से ठाणे, 9.नाइक्रोम, 10.तमिलनाडु

**जीके क्विज-187 का सही उत्तर देने वाले :** गौरव-कोरबा, कबीर-हिसार, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, ज्योति-बैकुंठपुर, रमेश-रायगढ़, कोमल-रोहतक, शुभम-रायपुर, रौनक-दुर्ग, कमल-बिलासपुर, सुमन-रायगढ़, शिप्रा-महासमुंद



कहानी
हरीश कुमार अमित

मयंक और उसके दादा जी ने एक दिन शर्त लगाई, कौन कितने देर बिना बोले रह सकता है, जो पहले बोलेगा, तय शर्त के अनुसार हर्जाना भरेगा। मयंक को लगा दादा जी शर्त हार गए, जबकि दादा जी को लगा मयंक हारा। लेकिन वास्तव में शर्त कौन जीता?

# लग गई शर्त



मयंक बहुत बातूनी है। लंबी-लंबी बातें करना उसे अच्छा लगता है। थोड़ी देर तक भी बिना बोले रहना उसके लिए मुश्किल है। आज मयंक के स्कूल की छुट्टी थी। वह दादा जी के कमरे में उनके पास बैठा उनसे बातें कर रहा था। बातों-बातों में दादा जी ने मयंक से शर्त लगा ली, कौन ज्यादा देर तक बिना बोले रह सकता है। शर्त के अनुसार उन दोनों में से जो पहले बोलेगा, वह शर्त हार जाएगा। दादा जी ने यह भी कहा कि अगर खुद वे शर्त हार गए तो मयंक को रेस्टोरेंट ले जाकर मसाला डोसा खिलाएंगे। और अगर मयंक शर्त हार गया तो वह पिछले दिनों अपने जन्मदिन पर मिले चॉकलेट के डिब्बे से पांच चॉकलेट दादा जी को देगा।

शर्त लगने के बाद दादा जी और मयंक दोनों एक-दूसरे से इशारों-इशारों में ही बातें करने लगे। घर में उस समय और कोई मौजूद नहीं था। मयंक के मम्मी-पापा कहीं गए हुए थे, उन्हें शाम तक ही घर लौटना था। मयंक को पूरा विश्वास था, वह शर्त जीत जाएगा।

थोड़ी देर बाद दादा जी के मोबाइल फोन पर मयंक के पापा का फोन आया। पापा ने यह बताने के लिए फोन किया था कि वे लोग शाम को आठ बजे तक ही वापस आ पाएंगे। दादा जी ने पापा की बात तो सुन ली, लेकिन खुद जो कहना था, वह टेक्स्ट मैसेज में लिखकर भेज दिया। साथ ही चुप रहने की शर्त के बारे में भी लिख दिया ताकि फोन पर उनके बात न करने के कारण पापा को कुछ अटपटा न लगे। थोड़ी देर बाद मयंक का जी करने लगा कि कुछ बोला जाए, लेकिन शर्त के कारण उसने अपने आपको रोके रखा। कुछ देर बाद अचानक मयंक को दादा जी की आवाज सुनाई दी। दादा जी की आवाज सुनते ही वह जोर से बोल उठा, 'मैं जीत गया! मैं जीत गया!' 'जीत तो मैं गया हूं, बेटा। तुम पहले जो बोल पड़े हो।' दादा जी ने हंसते हुए कहा।

'जीता तो मैं हूं, दादा जी! पहले आपकी आवाज सुनाई दी है!' मयंक ने दादा जी की बात का खंडन किया।

'आवाज से क्या होता है? बोले तो पहले तुम ही हो! इसलिए मैं शर्त जीत गया हूं।' दादा जी ने हंसते हुए जवाब दिया।

'कैसे, दादा जी? पहले आप बोले, तभी तो आपकी आवाज सुनाई दी।' मयंक ने दादा जी को समझाना चाहा।

'लेकिन मैं पहले बोला ही नहीं था। मैंने तो यह वीडियो चलाया था, जिसमें मेरी आवाज है।' कहते हुए दादा जी ने अपने कुर्ते की जेब से अपना मोबाइल फोन निकाल कर वह वीडियो फिर से चला दिया। यह वही वीडियो था, जो मयंक ने उनके फोन पर कुछ दिन पहले बनाया था। इस वीडियो में दादा जी मयंक को एक कहानी सुना रहे थे।

'पर यह तो चीटिंग है, दादा जी!' मयंक ने विरोध जताया।

'इसमें चीटिंग की क्या बात है? तुम्हें मेरी असली आवाज और वीडियो से आ रही आवाज का अंतर समझना चाहिए था।' दादा जी मुस्कुराते हुए बोले।

दादा जी का यह तर्क सुनकर मयंक जवाब में कुछ न बोल सका। उसने अपनी हार मान ली और चुपचाप एक तरफ बैठ गया।

मयंक का उदास चेहरा देखकर दादा जी कुछ देर सोचते रहे और फिर हंसते हुए बोले, 'बेटा, मैं तो मजाक कर रहा था तुमसे! शर्त तो तुम ही जीत गए हो, क्योंकि मेरी आवाज पहले सुनाई दे गई थी। असल में सुबह से ही मेरा बहुत मन कर रहा था कि तुम्हारे साथ रेस्टोरेंट में जाकर गरमा-गरम मसाला डोसा खाया जाए। इसीलिए मैंने तुम्हारे साथ यह शर्त लगाई थी, और मैं जान-बूझकर शर्त हार भी गया ताकि मसाला डोसा खाने की मेरी इच्छा पूरी हो सके।' दादा जी के मुंह से यह सब सुनकर मयंक मन ही मन बहुत खुश हो गया। दादा जी आगे बोले, 'तुम्हारे मम्मी-पापा को तो कई घंटे बाद घर लौटना है। तब तक हम दोनों चलते हैं रेस्टोरेंट में मसाला डोसे का आनंद उठाने। तुम तैयार हो जाओ फटाफट।'

यह सुनकर मयंक के चेहरे की उदासी मिट गई और वह खुशी-खुशी दादा जी के साथ रेस्टोरेंट जाने के लिए तैयार होने लगा। उसे दादा जी के साथ मसाला डोसे का आनंद जो लेना था। *

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

# रोचक-प्रेरक कहानी

बच्चो, दुनिया भर में बच्चों के लिए बहुत अच्छी-अच्छी किताबें लिखी जा रही हैं। ये किताबें तुम्हें जरूर पढ़नी चाहिए, क्योंकि ये तुम्हारा एक नए प्रकार का मनोरंजन करेंगी। इन किताबों को पढ़कर तुम जानोगे कि दुनिया कितनी मजेदार है, अद्भुत कल्पनाओं और रोमांच से भरी है। ऐसी ही एक किताब है 'स्टोरी ऑफ डॉक्टर डूलिटिल' यानी पशु भाषा विशेषज्ञ डॉक्टर डूलिटिल की कहानी। यह एक ऐसे डॉक्टर की कहानी है, जो था तो इंसानों का डॉक्टर, लेकिन जानवरों का इलाज करने लगा। यह डॉक्टर जानवरों की बोलियां समझता ही नहीं था, उनके साथ बात भी करता था। यह सब उसे पोलेसेनिया नाम के एक तोते ने सिखाया था। जब डॉक्टर डूलिटिल पशु-पक्षियों से बात करके उनकी समस्याओं को जानकर उनका इलाज करने लगा तो उसके सभी बीमार पशु-पक्षी जल्दी-जल्दी स्वस्थ होने लगे। इस तरह वह डॉक्टर, इंसानों के इलाज के लिए ही नहीं, पशु-पक्षियों के इलाज के लिए भी बहुत मशहूर हो गया। फिर डॉक्टर डूलिटिल को अफ्रीका से एक संदेश मिला कि वहां के बंदरों में एक जानलेवा बीमारी फैली है, जिससे वे तेजी से मर रहे हैं। फिर क्या था, डॉक्टर डूलिटिल अफ्रीका के लिए निकल पड़े। इसके बाद क्या हुआ, यह जानने के लिए बच्चो, तुम्हें इस किताब को पढ़ना होगा। इस किताब के लेखक हैं ह्यु लॉफ्टिंग, जिन्होंने सन 1920 में इसे लिखा था। यह किताब इतनी लोकप्रिय हुई कि डॉक्टर डूलिटिल की एक के बाद एक रोचक कहानियों वाली 12 किताबें प्रकाशित हुईं। इन पर कई फिल्में भी बनीं। दुनिया भर की अनेक भाषाओं में इन किताबों का अनुवाद भी हुआ है। ये किताबें विश्व बाल साहित्य की धरोहर हैं। *




**किताब :** पशु भाषा विशेषज्ञ डॉक्टर डूलिटिल की कहानी (फैंटेसी उपन्यास), **लेखक :** ह्यु लफ्टिंग, **अनुवाद :** आलोक कुमार, **मूल्य :** 199 रुपए, **प्रकाशक :** फ्लाईड्रीम्स पब्लिकेशंस, नई दिल्ली

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां अपने क्यूट से डॉगी के साथ खड़ी लड़की के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन चित्रों में छह अंतर हैं। तुम्हें तीन मिनट में ये छह अंतर खोजने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट ये सभी छह अंतर खोजकर बताओ-



उत्तर: 1. बाईं तरफ लड़की के बालों की लट मुड़ी हुई नहीं है। 2.लड़की के दाएं हाथ में कंगन पहना हुआ है। 3.लड़की की टी-शर्ट पर फूल बना हुआ है। 4.लड़की का बायां हाथ मुड़ा हुआ है। 5.डॉगी की आंखें बंद हैं। 6.डॉगी की जीभ अंदर है।

## गिनकर बताओ

बच्चो, यहां दो तरह की मछलियों के कई सारे चित्र दिए गए हैं। तुम गिनकर बताओ, किस मछली की संख्या कितनी है?



## खबर संक्षेप

### कथूरा खंड की महिला खेल प्रतियोगिताएं 22 को

**गोहाना।** महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत कथूरा खंड की महिलाओं की खेल प्रतियोगिताएं गांव आहुलाना के स्टेडियम में 22 जनवरी को आयोजित होंगी। खेल प्रतियोगिताएं प्रातः 9 बजे शुरू होंगी। कथूरा खंड की महिलाएं एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी निर्मला देवी के अनुसार इन खंड स्तरीय खेलों में 17 से 30 आयु वर्ग की महिलाओं और लड़कियों के लिए 300 और 400 मीटर दौड़ और 5 किलोमीटर साइकिल दौड़ प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी। लेखाकार रेखा देवी ने बताया कि 30 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं के लिए 100 मीटर दौड़, म्यूजिकल चेयर और डिस्कस थ्रो खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इन खंड स्तरीय खेलों की अति विशिष्ट अतिथि डीपीओ सोनीपत प्रवीन मलिक होंगी।

*नगर निगम के अधिकारियों व सफाई कर्मियों के बीच पुलिस प्रशासन की देखरेख में हुई बैठक*

# सफाई कर्मियों ने निगम के गेट पर जड़ा ताला, अधिकारियों ने मानी मांग

**प्रदर्शन की अध्यक्षता प्रधान मुकेश टांक व संचालन सहसचिव युधिष्ठिर ने किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत


सोनीपत। सोनीपत नगर निगम कार्यालय के गेट पर धरना समाप्त करने से पहले रोष जताते सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

सोनीपत नगर निगम के गेट पर ठेका सफाई एकता मंच संबंधित मूल निवासी कर्मचारी कल्याण महासंघ, बलि सेना यूनियन ने वीरवार को धरना प्रदर्शन समाप्त किया। इससे पहले सुबह सफाई कर्मचारियों ने हटाए गए कर्मियों के विरोध में नगर निगम कार्यालय के गेट पर ताला लगाकर रोष जताया। प्रदर्शन की अध्यक्षता प्रधान मुकेश टांक व संचालन सहसचिव युधिष्ठिर ने किया। नगर निगम कार्यालय के गेट पर ताला लगाने की सूचना मिलते ही सिविल थाना के एसएचओ मौके पर पहुंचे। उन्होंने निगम अधिकारियों व सफाई कर्मियों के बीच मध्यस्ता करते हुए उनकी मांगों का जल्द समाधान करवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान एसीपी अमित धनखड़, सीआईडी से अनिल, सतबीर भी मौजूद रहे। इसके बाद निगम की संयुक्त आयुक्त के कार्यालय में अधिकारियों व ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच के प्रतिनिधिमंडल के बीच बैठक हुई। बैठक में हटाए गए कर्मचारी मुकेश टांक, सावन कुमार, मुकेश कर्मा, युधिष्ठिर, अजय, अमन, मोनू शुक्रवार से दोबारा नौकरी पर रखने जाने का निर्णय लिया गया।

**सफाई कर्मचारियों ने सहमति जताई**

निगम अधिकारियों ने पुलिस प्रशासन के समक्ष आश्वासन दिया कि इन सभी कर्मचारियों का नाम एक सप्ताह के अंदर पोर्टल पर नाम चढ़ा दिया जाएगा। इस निर्णय पर सभी सफाई कर्मचारियों ने सहमति जताई, यूनियन ने अपना धरना समाप्त किया। बैठक में कर्मचारी मुकेश टांक, रविंद्र, सावन कुमार, मुकेश कर्मा, युधिष्ठिर, विजय तोमर, रितेश, कश्मीरी लाल, आशु, राहुल, रामू, गुलाब, जगबीर, कुलदीप, जगदीप, सुमित, कृष्ण, हजारी, अजय मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### वेटरन्स डे पर वीर नारियों को किया सम्मानित



**सोनीपत।** वेटरन्स डे (सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस) के अवसर पर जिला सैनिक बोर्ड द्वारा देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीद सैनिकों की वीर नारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला सैनिक बोर्ड के डब्ल्यूओ संदीप मलिक व हैड क्लर्क धर्मबीर त्यागी ने वीर नारियों को शॉल एवं मिठाई भेंट कर सम्मान प्रकट किया। इस दौरान जिला सैनिक बोर्ड से सेबेदार राजेश, राकेश, प्रदीप, अनिल, विजय, धर्मबीर हुड्डा, कृष्ण, मोहित मौजूद रहे।

### भजन और रागिणी से एचआईवी/एड्स जागरूकता कार्यक्रम



**सोनीपत।** गांव खेवड़ा में भजन और रागिणी के माध्यम से एचआईवी/एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हरियाणा स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी द्वारा भेजी गई टीम तथा जिला नागरिक अस्पताल सोनीपत की टीम के सहयोग से गांव जगदीशपुर टांडा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाना और नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देना रहा। सुरेश नंबरदार की टीम ने भजन और रागिणी के माध्यम से बताया कि एचआईवी कैसे फैलता है और कैसे नहीं फैलता। कलाकारों ने अपने गीतों के जरिए यह संदेश भी दिया कि नशा न केवल व्यक्ति को बल्कि पूरे समाज को नुकसान पहुंचाता है और इसे फैलने से रोका जाना चाहिए। इस मौके पर सिविल हॉस्पिटल सोनीपत से ओएसटी काउंसलर जितेन्द्र कुमार, सीएचसी बढ़खालसा से आईसीटीसी काउंसलर जयविंदर, लैब तकनीशियन पिंकी तथा जन जागृति मंडल की टीम ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान एचआईवी, हेपेटाइटिस बी, हेपेटाइटिस सी और एक्स-रे सहित लगभग 80 स्वास्थ्य जांचें की गई।

### जिला परिषद हॉल में अंत्योदय परिवार उत्थान मेला आयोजित



**सोनीपत।** मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अंत्योदय परिवारों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से जिला परिषद हॉल में सोनीपत खंड से संबंधित गांवों के अंत्योदय परिवारों के लिए अंत्योदय मेला आयोजित किया गया। मेले में बड़ी संख्या में अंत्योदय परिवारों ने भाग लिया और विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर मौके पर ही आवेदन की प्रक्रिया पूरी की।अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने कहा कि प्रदेश में गरीब परिवारों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना लागू की गई है, जिसके तहत आयोजित अंत्योदय मेलों का मुख्य उद्देश्य गरीब, जरूरतमंद व वंचित परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे और पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराना है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके। मेले में लगभग सभी विभाग शामिल हैं।अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि सोनीपत खंड से संबंधित गांवों सांदल कलां, सलीमसर माजरा, बड़वासनी, बागडू, बैंयापुर, भदाना, भटगांव डूगरान, भटगांव माल्याण दोदवा, गुहणा, जुआं, ककरोई, महलाना, मोहाना व पिनाना के लिए जिला परिषद हॉल में यह मेला 16 जनवरी को भी आयोजित किया जाएगा।

### गांव गंगाना में सफाई कर्मचारियों को किया सम्मानित



**गोहाना।** गुरुवार को गांव गगाना मे बहुउद्देशीय जन कल्याण सभा, हरियाणा द्वारा सफाई कर्मचारियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में सभा के प्रतिनिधिमंडल द्वारा सफाई कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र व कम्बल देकर सम्मानित किया गया। बहुउद्देशीय जन कल्याण सभा के प्रदेशाध्यक्ष राममेहर वर्मा, महासचिव रणधीर सिंह चहल तथा वित सचिव गुरनाम सिंह ने सफाई कर्मचारियो को किसी भी प्रकार का नशा न करने तथा नशे की बुराई के प्रति जनता को जागरूक करने की शपथ भी दिलाई। इस अवसर ओमप्रकाश, दिनेश, सतपाल सिंह, रामकुमार, अमरजीत, सुरेश कुमार व विनोद आदि उपस्थित रहे।

### भूतपूर्व सैनिक संगठन ने बताया सेवा दिवस का महत्व



**गन्नौर।** 78वें आर्मी दिवस के अवसर पर भूतपूर्व सैनिक संगठन द्वारा सेवा दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला गया। संगठन के ब्लाक अध्यक्ष नायब सूबेदार ओमप्रकाश ने बताया कि भारत में आर्मी दिवस हर वर्ष 15 जनवरी को मनाया जाता है। 15 जनवरी 1949 को लेफ्टिनेंट जनरल बाद में फील्ड मार्शल केएम करियप्पा द्वारा भारतीय थल सेना के पहले भारतीय शीर्ष कमांडर का पदभार संभालने की स्मृति में मनाया जाता है। ब्रिटिश काल के अंतिम अंग्रेज कमांडर जनरल फ्रांसिस बटरवर्थ से कार्यभार ग्रहण किया था। आर्मी दिवस पर आयोजित सभा में सूबेदार भीम कृष्णा, मूलचंद, एमडब्ल्यूओ आनंद प्रकाश, सार्जेंट दीवान पी और एफएचओ विजयपाल सहित भूतपूर्व सैनिक मौजूद रहे।

### कर्ण चौटाला कार्यकर्ताओं को 22 को करेंगे संबोधित

**गोहाना।** इनेलो पार्टी की युवा इकाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्ण चौटाला 22 जनवरी को युवा कार्यकर्ताओं को जिला स्तरीय बैठक में संबोधित करेंगे। जिला स्तरीय युवा कार्यकर्ता बैठक पार्टी के सोनीपत में राठधाना मार्ग स्थित जिला कार्यालय में आयोजित होगी। पार्टी के जिला अध्यक्ष कुणाल गहलावत ने कहा कि बीजेपी सरकार ने युवाओं को ठगने का काम किया है। युवा वर्ग आज रोजगार की तलाश में भटक रहा है। उनके अनुसार जिला स्तरीय बैठक को लेकर कार्यकर्ताओं ने गोहाना हलका के कई गांवों का दौरा किया। इस मौके पर गोपाल जाजी, अमित सैनी, अशोक मलिक, मंजीत फौगाट, आर्यन मलिक, जीतेन्द्र उर्फ नाहना, जीतू माछरी, दलबीर रतनगढ़, संजय धानक, शुक्रम भनवाला, रणधीर लाठ, साबर मलिक, घनश्याम, सुरेश मलिक और डॉ. सतीश शर्मा मौजूद रहे।

### खरखौदा के लघु सचिवालय में समाधान शिविर का आयोजन



**खरखौदा।** गुरुवार को खरखौदा के लघु सचिवालय परिसर में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान करना रहा। इस अवसर पर विधायक पवन खरखौदा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने शिविर में आए लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शिविर के दौरान कुल 3 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें राजस्व, नगर परिषद, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पुलिस एवं अन्य विभागों से संबंधित समस्याएं शामिल रहीं। विधायक पवन खरखौदा ने कई शिकायतों का मौके पर ही समाधान कराया। जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को समयबद्ध निस्तारण के निर्देशों के साथ अग्रेषित किया गया।

### डैक्लामेशन में अलंकृता त्यागी व इशिका रही अव्वल तो निबंध लेखन में सिद्धि ने बाजी मारी



*सोनीपत। कोई वोटर पीछे न छूटे थीम पर जीवीएम गर्ल्स कालेज में आयोजित जिला स्तरीय डैक्लामेशन में अलंकृता त्यागी व इशिका अव्वल रही तथा निबंध लेखन में गोहाना की सिद्धि ने बाजी मारी। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने विजेताओं को बधाई दी। जिला स्तर पर आयोजित डैक्लामेशन व निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का शुभारंभ प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने दीप प्रज्वलित करते हुए किया। कोई वोटर पीछे न छूटे थीम पर आयोजित प्रतियोगिताओं में विभिन्न कालेजों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। डैक्लामेशन में 14 प्रतिभागी शामिल रहे जिन्होंने पूर्ण आत्मविश्वास के साथ अपने विचार प्रस्तुत किये। इन प्रतियोगिताओं में निर्णायक मंडल की भूमिका का निर्वहन डीएमएस सोनीपत की डा. निट्टी, हिंदू गर्ल्ज कालेज की डा. नीलम, टीकाराम गर्ल्स कालेज की डा. उपासना तथा जीवीएम की प्राध्यापिका संगीता शर्मा तथा डा. वंदना मलिक ने किया।*

## विशेषज्ञों ने किसानों को प्राकृतिक खेती के टिप्स दिए

■ उपमंडल कृषि कार्यालय गोहाना में जिला स्तरीय किसान मेला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



गोहाना। किसानों को संबोधित करते वक्ता और मंचासीन अधिकारीगण।

सोनीपत मार्ग स्थित उपमंडल कृषि अधिकारी कार्यालय गोहाना में गुरुवार को जिला स्तरीय किसान मेले का आयोजन किया गया। एनएफएसएम ऑयल सीड स्कीम के अंतर्गत आयोजित इस मेले में किसानों को जमीन और पानी बचाने के लिए प्राकृतिक खेती के टिप्स दिए गए। मेले की अध्यक्षता जिला उप कृषि निदेशक पवन शर्मा ने की। संयोजन उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेहरा का रहा। मेले में कपिल प्रगतिशील किसान शहजादपुर ने दलहनी फसलों की पैदावार व उत्पादन बढ़ाने के साथ अच्छे दामों पर विक्रय की नीतियां समझाई। बागवानी विभाग से डॉ. हरपाल जागलान ने बताया कि बाग लगाने पर फसल विविधीकरण स्कीम में 50 हजार रुपये वह सामान्य बाग लगाने पर 43 हजार सरकार द्वारा दिए जाते हैं। नेट हाउस पर 50 प्रतिशत अर्थात 12 लाख रुपए सब्सिडी के लिए दिए जाते हैं। पॉली हाउस लगाने पर 18 लख रुपए सब्सिडी दी जाती है मत्स्य पालन विभाग से राजेश कुमार ने बताया कि पट्टे पर जमीन लेकर मछली पालन करने पर अनुसूचित जाति को 50 अनुदान दिया जाता है। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. कुलदीप दहिया ने किसानों को उन्नत मशीन द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन के बारे में बताया। पशु चिकित्सक प्रियंका ने पशु बीमा, पशुओं की बीमारियां, पशु डेयरी व विभाग की स्कीमों के बारे में जानकारी दी। नवीन हुड्डा कृषि अभियंता सोनीपत ने विभिन्न कृषि उपकरणों के उपयोग और सब्सिडी बारे जानकारी दी। डीडीए पवन शर्मा ने प्राकृतिक खेती, प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि, उन्नत बीजों पर सब्सिडी, मेरा पानी मेरी विरासत स्कीम, धान सीधी बिजाई, मेरी फसल मेरा ब्यौरा, किसान रजिस्ट्री और एग्रीस्टैग के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### मकर संक्रांति पर वितरित किए कंबल



**सोनीपत।** मंकर संक्रांति के पावन अवसर पर मानव अधिकार सरंक्षण संघ द्वारा जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए। यह कंबल वितरण कार्यक्रम लोकगीत गायक मांगेराम की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मानव अधिकार सरंक्षण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयवीर गहलावत ने अपने संबोधन में कहा कि संघ का उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना है। ठंड के इस मौसम में कंबल वितरण जैसे सेवा कार्य मानवता की सच्ची सेवा हैं। समाज के वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा एवं उनके जीवन में सम्मान और सुरक्षा प्रदान करना ही संघ का मूल लक्ष्य है। कार्यक्रम में सामाजिक सहयोग एवं सेवा भावना का परिचय देते हुए अनेक गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही, जिनमें रामप्रकाश हुड्डा, मास्टर दिलबाग सिंह, बिजेंद्र पहलवान, रविंद्र शर्मा, डॉ. धर्मवीर मलिक, अजय, दीपक एवं सुरेश कुमारी प्रमुख रूप से शामिल रहे।

### बुजुर्गों के लिए वाचनालय और महिलाओं के लिये सिलाई केंद्र किया शुरू



**सोनीपत।** विधायक निखिल मदान ने फिनी देवी सूरजभान चैरिटेबल ट्रस्ट के कार्यालय और सेवा प्रकल्प का उद्घाटन किया। इस अवसर पर ट्रस्ट पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। उद्घाटन के साथ ही ट्रस्ट परिसर में बुजुर्गों के लिए निशुल्क वाचनालय तथा महिलाओं के स्वावलंबन के उद्देश्य से सिलाई केंद्र की शुरुआत की गई। विधायक निखिल मदान ने कहा कि ऐसे प्रयास समाज के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों के लिए वाचनालय और महिलाओं के लिए कौशल विकास केंद्र सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में सराहनीय कदम हैं। ट्रस्ट की संरक्षिका रेखा गर्ग और महावीर गर्ग ने मुख्य अतिथि का सत्कार किया। ट्रस्ट अध्यक्ष पवन गर्ग, नरेंद्र पाल शर्मा, डॉ. मनमोहन मिश्र और प्रो जितेंद्र अग्रवाल ने भी अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम में टीका राम मित्तल, राकेश मित्तल, हरि प्रकाश मंगला, संजय वर्मा, अशोक गर्ग, भूपेंद्र सिंह गहलावत सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए संस्कार शिविर का भी उद्घाटन किया गया, जिसमें उन्हें जीवन के विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया जाएगा।

### झंडा संहिता की सख्ती से अनुपालना की मांग



*सोनीपत। राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के मान-सम्मान की अनुपालना सुनिश्चित करवाने को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता मनजीत तिहाड़ा ने जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में जिले के विभिन्न स्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज का अपमान अलग-अलग रूपों में देखने को मिला है। कई स्थानों पर झंडा संहिता के नियमों की अनदेखी की जा रही है, जिससे देश के सर्वोच्च प्रतीक की गरिमा आहत होती है। मनजीत तिहाड़ा ने बताया कि समाज और राष्ट्रहित के लिए कार्य करते हुए वे लंबे समय से इस विषय पर जागरूकता की आवश्यकता महसूस कर रहे हैं। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने मांग की कि सरकारी संस्थानों में उचित स्थानों पर फ्लेक्स, प्रिंट सामग्री, खबरों और नोटिफिकेशन के जरिए राष्ट्रीय ध्वज के नियमों को प्रदर्शित कर आमजन को जागरूक किया जाए। उन्होंने यह भी मांग रखी कि भारतीय तिरंगा झंडा संहिता के अनुसार केवल निर्धारित गुणवत्ता और मानकों के अनुरूप ध्वज के निर्माण की अनुमति दी जाए तथा निम्न गुणवत्ता वाले झंडों के निर्माण और बिक्री पर रोक लगाई जाए। इसके साथ ही पटका, बैंड, रिंग, माला जैसे उपयोगों में तिरंगे के प्रयोग को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित करने की मांग की गई।*

### रामफल मेहरा निर्विरोध बने भीमराव अंबेडकर भवन व शिक्षा संस्थान के प्रधान



*खरखौदा। डॉ. भीमराव अंबेडकर भवन एवं शिक्षा संस्थान की नई कार्यकारिणी का गठन निर्विरोध हो गया। रामफल मेहरा को निर्विरोध प्रधान चुन लिया गया है। चुनाव अधिकारी आर के पोरिया ने बताया कि 30 दिसंबर 2025 को समिति के गठन के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू की गई थी। जिसमें प्रधान सहित कार्यकारिणी के 11 पदों के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू की गई थी। सभी पदों पर एक-एक ही नामांकन पत्र भरा गया। नामांकन पत्रों की जांच 9 जनवरी को की गई थी। इसके पश्चात 11 जनवरी को जांच होने के पश्चात प्रत्येक पद के लिए एक-एक उम्मीदवार ही चुनाव मैदान में रह गया था। जिस कारण कार्यकारिणी के गठन में केवल औपचारिकता ही बाकी रह गई थी। उन्होंने बताया कि 15 जनवरी को होने वाले मतदान की कोई आवश्यकता नहीं रही। त्रिवार्षिक नवगठित कार्यकारिणी में रामफल मेहरा प्रधान, आजाद सिंह उप प्रधान, रामकुमार सिंहमार महासचिव, संजीव कुमार संयुक्त सचिव, महेंद्र सिंह कोषाध्यक्ष बने हैं। जबकि कार्यकारिणी सदस्यों में जिले सिंह, करतार सिंह, मनीष कुमार, धर्म सिंह ,राजपाल, दिनेश कुमार मेहरा के नाम शामिल हैं। इस मौके पर जिला रजिस्ट्रार विभाग से ऑब्जर्वर मनजीत दहिया विशेष रूप से उपस्थित रहे।*

### दाल, चावल और मिठाई के पैकेट दिए दान



**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल में मकर संक्रांति का पर्व मनाया गया। इस पावन अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्री प्रकाश सिंह व उनकी पत्नी प्रो. सेंगर ने सफाई कर्मचारियों व मालियों को दाल, चावल, मिठाई का पैकेट एवं फलों का दान किया। मकर संक्रांति के अवसर पर शाम को विश्वविद्यालय में मकर संक्रांति का भी आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम किए और विद्यार्थियों के बीच रेवड़ी व मूंगफली बांटी गई।

### जरूरतमंद विधवा माताओं को कंबल वितरित किए



**सोनीपत।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर वीरवार को अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन जिला सोनीपत इकाई के बैनर तले दो कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रथम कार्यक्रम के अंतर्गत सुबह के समय ककरोई चौक स्थित पांच मंजिला हनुमान मंदिर के बाहर आमजन के लिए 51 किलो वेजिटेबल खिचड़ी एवं 101 किलो सब्जी का वितरण किया गया। दूसरे द्वितीय कार्यक्रम में अग्रवाल विधवा माताओं एवं बहनों के 56 परिवारों को सूरी पेट्रोल पंप वाली गली के कोने पर राशन किट, कंबल एवं आवश्यक घरेलू सामग्री वितरित की गई। जिसमें राजीव गुप्ता, सीए अनुज मंगला, जतिन गोयल का सहयोग रहा। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, अखिल भारतीय महिला अग्रवाल सम्मेलन एवं अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन जिला सोनीपत इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में विधायक निखिल मदान, अनिल गुप्ता, अरविन्द मित्तल, संजय सिंगला, प्रवीण गोयल, प्रेम नारायण गुप्ता, सीए दीपक गुप्ता, नीरज गोयल, प्रवीण गुप्ता, सुभाष जिंदल, शशि गुप्ता आनंद विहार, आयुषी गुप्ता वैशाली, निखिल मदान, रमेश मंगला, जतिन गुप्ता, सीए अनुज मंगला, विपिन गुप्ता, विवेक गर्ग, विवेक जैन, सीए पंकज गोयल, शैली गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, अनीता गुप्ता, बबीता जिंदल, संगीता मंगला, वर्षा गुप्ता, अनीता बंसल, अंजली जिंदल, उमा गोयल आदि मौजूद रहे।

**विभाग ने शिक्षा से दूर जा रहे बच्चों का स्कूलों में जल्द दाखिला करवाने की प्रक्रिया शुरू करने का लिया निर्णय**

# एजुकेशन वालंटियर्स शिक्षा से वंचित बच्चों को पढ़ाएंगे क, ख, ग, सर्वे कर 1407 को खोजा

**हर बच्चे को नई शिक्षा नीति 2020 के तहत शिक्षित कर मुख्यधारा में शामिल करना इसका उद्देश्य**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शिक्षा विभाग ने अपने एजुकेशन वालंटियर्स की सहायता से सर्वे कर 1407 ऐसे बच्चों की खोज की है, जो आर्थिक स्थिति कमजोर होने के चलते शिक्षा से दूर चले गए थे और शिक्षा के अधिकार से वंचित रह रहे थे। इनमें 7 से 14 वर्ष तक के बच्चे शामिल हैं। विभाग ने ऐसे बच्चों की खोज कर अब उनका स्कूलों में दाखिला करवाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। परियोजना काउंसिल के तहत शिक्षा विभाग ने 30 दिसंबर 2025 को हुमाना पीपल टू पीपल इंडिया की समन्वयक सीमा के नेतृत्व में बैठक कर ऐसे बच्चों की खोज करने का निर्णय लिया था, जो पढ़ाई से वंचित रह रहे हैं। बैठक में विभाग के सभी 53 एजुकेशन वालंटियर्स को भी शामिल कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए थे। साथ ही आउट ऑफ स्कूल चिल्ड्रन का सर्वे से संबंधित रूपरेखा व महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा कर जनवरी माह तक लक्ष्य को हासिल करने का निर्णय लिया था। सर्वे पूरा होने के बाद विभाग ने जिलाभर से ऐसे 1407 बच्चों की खोज की है, जो शिक्षा से वंचित रह रहे हैं। इसका उद्देश्य हर बच्चे को नई शिक्षा नीति 2020 के तहत शिक्षित कर मुख्यधारा में शामिल करना है।

**जिले में 1330 बच्चे पहले से ले रहे शिक्षा का ज्ञान**

शिक्षा विभाग की ओर से जिले में समग्र शिक्षा के तहत 53 स्पेशल प्रशिक्षण केंद्र का संचालन किया जा रहा है। इन केंद्रों पर वर्तमान में विभिन्न खंडों में 1330 बच्चों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इनके अलावा 1407 नए बच्चों की खोज की गई है, जो पढ़ाई से दूर रहे थे। विभाग ने जल्द इनकी दाखिला प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्णय लिया है। विभाग पिछले 5 वर्ष में जिले के करीब 8000 ऐसे बच्चों को प्रशिक्षित कर चुका है।

-डॉ. अत्तर सिंह, जिला सहायक परियोजना संयोजक, शिक्षा विभाग


सोनीपत। सोनीपत के स्लम एरिया में स्कूल न जाने वाले बच्चों की जानकारी जुटाती शिक्षा विभाग की एजुकेशन वालंटियर्स। फोटो : हरिभूमि

**किस ब्लॉक में कितने बच्चे मिले**

| ब्लॉक | लड़के | लड़कियां | कुल बच्चे |
|---|---|---|---|
| गन्नौर | 121 | 102 | 223 |
| गोहाना | 46 | 25 | 71 |
| खरखौदा | 27 | 32 | 59 |
| राई | 352 | 336 | 689 |
| सोनीपत | 168 | 198 | 365 |
| कुल | 714 | 693 | 1407 |

**खबर संक्षेप**

## नेत्रदान से दो लोगों को मिलेगी नई रोशनी

**सोनीपत।** नव जीवन नगर निवासी स्वर्गीय लक्ष्मी देवी, धर्मपत्नी स्वर्गीय राम मेहर अहलावत का दिनांक 10 जनवरी 2026 की रात को निधन हो गया।



दुख की इस घड़ी में परिवार ने समाज के लिए प्रेरणादायक निर्णय लेते हुए मरणोपरांत नेत्रदान कर पुण्य कार्य किया। परिवार ने बताया कि इस नेत्रदान से दो नेत्रहीनों को देखने का सौभाग्य मिलेगा। डॉक्टर सतीश कुमार कटारिया के अनुरोध पर परिवार ने सहमति दी।

## निगम चुनाव में मजबूत कार्यकर्ता उतारने की मांग

**सोनीपत।** जिला पार्षद संजय बड़वासनी ने सोनीपत नगर निगम चुनाव में कांग्रेस के मजबूत कार्यकर्ता उतारने की मांग को लेकर वीरवार को दिल्ली में पूर्व मुख्यमंत्री एवं विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा व सांसद दीपेंद्र हुड्डा से मुलाकात की। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री से निगम चुनाव में सभी वार्डों में पार्टी सिंबल से पार्षद प्रत्याशी व मेयर उतारने की मांग की। साथ ही सोनीपत से अबकी बार कांग्रेस के मजबूत व जमीन स्तर पर कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को चुनाव में उतारने का पक्ष रखा। जिला पार्षद संजय बड़वासनी ने बताया कि नगर निगम में जिस तरीके से विकास होना चाहिए था, उस ढंग से विकास कार्य नहीं हुए हैं।

## निबंध प्रतियोगिता में प्रिया ने जीता द्वितीय पुरस्कार

**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्स कालेज की छात्रा प्रिया ने जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में द्वितीय पुरस्कार हासिल किया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने उनके स्वर्णिम भविष्य की कामना की। संयोजक प्राध्यापिका डा. मीनाक्षी व कार्य प्रभारी वीना ने बताया कि राष्ट्रीय युवा सप्ताह के अंतर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) के तत्वावधान में जिला स्तर पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। प्रतियोगिता के लिए सामाजिक, शैक्षणिक, खेल, सांस्कृतिक, साहसिक, कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण और रोजगार विषय दिए गए। प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करते हुए जीवीएम की छात्रा प्रिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### 69 बिना मान्यता व दस्तावेजों में खामियों के चलते हुए बंद

# आरटीई : मान्यता प्राप्त सीटें नहीं दर्शाने पर 35 निजी स्कूलों ने भरा जुर्माना, 30 बाकी

**विभाग की लिस्ट में मान्यता प्राप्त 105 व बिना मान्यता प्राप्त 65 निजी स्कूलों का नाम**




**सोनीपत।** सोनीपत के सेक्टर-14 स्थित जिला शिक्षा विभाग का कार्यालय।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत सीटें घोषित नहीं करने वाले मान्यता प्राप्त 35 निजी स्कूलों ने जुर्माना भरकर विभाग को सरेंडर कर दिया है। वहीं 30 निजी स्कूल जुर्माना राशि भरने में अभी भी देरी कर रहे हैं। विभाग ने ऐसे स्कूलों को खंड शिक्षा अधिकारियों से दोबारा नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं, ताकि जुर्माना राशि को जल्द जमा करवाया जा सके। इससे पहले विभाग ने 5 जनवरी को सभी विद्यालयों को जुर्माना भरने के लिए नोटिस जारी किया था। विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने अक्तूबर 2025 में सोनीपत के कुल 681 में से 105 ऐसे निजी स्कूलों की सूची तैयार की गई थी, जिन्होंने मान्यता प्राप्त होने के बावजूद दस्तावेजों में खामियों के चलते आरटीई के तहत अपनी सीटों को घोषित नहीं किया था। इनके अलावा 65 निजी स्कूल ऐसे भी थे, जिन्होंने मान्यता प्राप्त न होने के बावजूद आरटीई के तहत सीटों को घोषित किया था। जिला में कुल 170 निजी स्कूलों में से 69 बिना मान्यता व दस्तावेजों में खामियों के चलते बंद हो चुके हैं। अब निदेशालय ने जिला शिक्षा अधिकारी को आईटीई के तहत सीटों का ब्योरा पोर्टल पर अपलोड नहीं करने वाले 65 निजी स्कूलों से जुर्माना राशि वसूलने के निर्देश दिए हैं। इनमें से 35 स्कूलों ने जुर्माना राशि को जमा करवा दिया है, जबकि 30 स्कूलों ने जुर्माना राशि जमा नहीं करवाई है। विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने जिला शिक्षा विभाग को सौंपी गई निजी स्कूलों में सूची में सोनीपत ब्लॉक के 18 विद्या के मंदिरों को भी शामिल किया है। हालांकि निदेशालय ने इनमें 3 विशेष बच्चों के लिए चल रहे निजी स्कूलों से जुर्माना राशि नहीं भरवाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही निर्देश हैं कि संबंधित स्कूलों को जुर्माना राशि भरने के बाद जिला शिक्षा विभाग के कार्यालय में रसीद जमा करवाना अनिवार्य है, ताकि विभाग की ओर से यह रिकॉर्ड निदेशालय को भेजा जा सके।

**5 हजार से 1 लाख तक जुर्माना लगाया**

मान्यता प्राप्त चयनित 105 निजी स्कूलों से जुर्माने के रूप में ली जाने वाली राशि छात्रों की संख्या के आधार पर तय की गई है। अधिकारियों ने बताया कि जिस निजी स्कूल में छात्रों की संख्या कम व 1000 रुपये तक फीस है, ऐसे स्कूलों से 30 हजार रुपये जुर्माना तय किया गया है। 3000 रुपये तक फीस वाले स्कूलों से 70 हजार व इससे ज्यादा छात्र संख्या व फीस वाले स्कूलों से 1 लाख रुपये तक जुर्माना लिया जा रहा है। वहीं बिना मान्यता वाले व सीट दर्शाने वाले 65 स्कूलों पर 5 से 15 हजार रुपये तक जुर्माना लगाया गया है। निदेशालय के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारियों को नियम अनुसार ही कार्यवाही अमल में लानी होगी।

**निदेशालय ने एमआईएस पोर्टल किए बंद**

विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने आरटीई के तहत सीटों को न दर्शाने वाले सभी निजी विद्यालयों के पोर्टल को भी बंद कर दिया है। ऐसे में यह स्कूल नए शैक्षणिक सत्र में दाखिला प्रक्रिया प्रारंभ नहीं कर सकेंगे। साथ ही पोर्टल पर स्कूल संबंधी डाटा अपलोड नहीं कर सकेंगे। जिन स्कूलों की ओर से जुर्माना राशि जमा करवाई जा रही है, उनके पोर्टल को ही खोला जा रहा है। अन्यथा बिना जुर्माना भरे स्कूल अपना एमआईएस पोर्टल नहीं खुलवा पाएंगे।

**दोबारा नोटिस जारी करने का निर्णय**

आरटीई के तहत पोर्टल पर सीटों का ब्यौरा नहीं देने वाले निजी स्कूलों से जल्द जुर्माना राशि जमा करवाने के निर्देश दिए गए हैं। इनमें से 35 निजी स्कूलों ने सीधे निदेशालय को जुर्माना राशि जमा करवा दी है। 30 स्कूल अभी भी जुर्माना राशि जमा करवाने में आनाकानी कर रहे हैं। विभाग ने उन्हें दोबारा नोटिस जारी करने का निर्णय लिया है। बिना जुर्माना भरे इन स्कूलों के एमआईएस पोर्टल को नहीं खोला जाएगा।

*रचना बाना, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, सोनीपत*

### गांधी नगर वार्ड-1 में निर्माण कार्य का चेयरमैन अरुण त्यागी ने किया उद्घाटन

## जर्जर गली के निर्माण से मिलेगी राहत : त्यागी



**गन्नौर।** नगरपालिका चेयरमैन अरूण त्यागी गली निर्माण कार्य का शुभारम्भ करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

गांधी नगर, वार्ड नंबर-1 में मंगलवार को शुभारंभ किया गया। करीब 10 लाख रुपये की लागत से बनने वाली इस गली के निर्माण कार्य का उद्घाटन गन्नौर नगरपालिका चेयरमैन अरुण त्यागी ने नारियल फोड़कर विधिवत रूप से किया। वार्ड नंबर-1 के पार्षद सचिन सहित अन्य पार्षदों और वार्डवासियों ने चेयरमैन अरुण त्यागी का आभार व्यक्त किया। पार्षद सचिन ने कहा कि वार्ड में गली की जर्जर हालत के कारण लोगों को लंबे समय से परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। बरसात के मौसम में कीचड़ और जलभराव की समस्या आम हो जाती थी। नगरपालिका चेयरमैन अरुण त्यागी ने कहा कि नगर के सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य करवाना नगरपालिका की प्राथमिकता है।

**आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के प्रयास**

शहर की आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। सड़क, गली, नाली और सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और समयबद्ध तरीके से गली का कार्य पूरा कराया जाएगा। पार्षद विकास शर्मा, हरविंदर त्यागी, अंकित त्यागी, नरेश वर्मा, शमशेर सैनी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने कहा कि नगर में लगातार हो रहे विकास कार्यों से लोगों का विश्वास नगरपालिका पर बढ़ा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में वार्ड-1 समेत पूरे गन्नौर शहर में और भी विकास कार्य किए जाएंगे।

### नौकरियों में बाहरी युवओं की नियुक्त कर रही भाजपा

## क्या एचपीएससी चेयरमैन के लिए हरियाणा में एक भी व्यक्ति नहीं : इंदुराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

बरोदा हलका के विधायक इंदुराज नरवाल ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बिहार के आलोक वर्मा को एचपीएससी के नए चेयरमैन नियुक्त किया गया है। विधायक ने चेयरमैन की नियुक्ति पर सवाल किया किया कि क्या हरियाणा में इस पद के योग्य एक भी व्यक्ति नहीं था जो दूसरे प्रदेश के व्यक्ति को एचपीएससी का चेयरमैन बनाया गया। विधायक इंदुराज नरवाल गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के राजनीतिक सलाहकार प्रो. वीरेंद्र सिंह के साथ गोहाना में बरोदा रोड स्थित अपने कार्यालय पर पत्रकारों से रूबरू हुए।

विधायक इंदुराज ने पत्रकारों से की बातचीत



**शिक्षित युवाओं का हक छीन रही सरकार**

विधायक ने कहा कि हरियाणा के युवा यूपीएससी जैसी कठिन परीक्षा में अपनी प्रतिभा का परचम फहरा रहे हैं लेकिन भाजपा की प्रदेश सरकार द्वारा प्रथम व द्वितीय श्रेणी की नौकरियों में बाहरी युवाओं की नियुक्तियां की जा रही हैं। ऐसा करके सरकार हरियाणा के शिक्षित युवाओं से उनका हक छीन रही है। विधायक ने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा नेताओं को यह बताना चाहिए कि नौकरियों के लिए सूटकेस भरकर कहां से आ रहे हैं।

## देश-प्रदेश में लगातार मजबूत हो रहा भापजा का जनाधार : बडौली

**राई।** पूर्व सरपंच मलिकपुर प्रमोद फौजी ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी की नीतियों और विचारधारा से प्रभावित होकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली व प्रदीप सांगवान के नेतृत्व में भाजपा का दामन थामा। इस अवसर पर मलिकपुर सहित आसपास के क्षेत्रों से आए 200 से अधिक कार्यकर्ताओं ने भी भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि देश-प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी का जनाधार लगातार मजबूत हो रहा है। पूर्व सरपंच प्रमोद फौजी ने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान गांव और क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयास किए हैं।

### आम आदमी पार्टी की निगम चुनाव को लेकर समीक्षा बैठक

## मजबूती से चुनाव में उतरेगी आप : सुरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

आम आदमी पार्टी सोनीपत की ओर से आज नगर निगम चुनाव को लेकर एक अहम समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं सोनीपत जिला प्रभारी सुरेंद्र अहलावत तथा जिला अध्यक्ष रणबीर क्किारा ने विशेष रूप से शिरकत की। बैठक के दौरान आगामी नगर निगम चुनाव की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। प्रदेश प्रभारी सुरेंद्र अहलावत ने सभी पदाधिकारियों को चुनावी रणनीति, संगठन की मजबूती और जनसंपर्क अभियान को लेकर निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी जनता के मुद्दों को लेकर पूरी मजबूती से चुनाव मैदान में उतरेगी।



**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर जिला सचिव विकास दहिया,किसान सेल के जिला अध्यक्ष कृष्ण जी,युवा के जिलाध्यक्ष अंकुश त्यागी, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष शेर मोहम्मद, लोकसभा सचिव राजेश सरोहा सरोजबाल राठी पूर्व प्रत्याशी ,दीपकचुग ,राहुल शर्मा, जोगा पहलवान ,अरुण सरोहा, रोहित बड़ौली, कुलदीप सिंह, बलराम दत्तौली, जिला उपाध्यक्ष नरेश कौशिक, जिला उपाध्यक्ष ईश्वर सिंह दहिया, सोनीपत विधानसभा अध्यक्ष योगेश पाल, अजय टोंक ,सतबीर सिंह सती, राजकुमार शर्मा ,सुनील दहिया विधानसभा अध्यक्ष खरखौदा आदि मौजूद रहे।

## भारतीय सेना दिवस के उपलक्ष्य में किया गया विस्तार व्याख्यान का आयोजन

**खरखौदा।** शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय पीपली में प्राचार्या डॉ. तराना नेगी व डॉ. किरण सरोहा के मार्गदर्शन में भारतीय सेना दिवस के उपलक्ष्य में विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसका आयोजन रक्षा अध्ययन विभाग के सहायक प्राध्यापक विनोद मलिक द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि यह दिवस फील्ड मार्शल के.एम करिअप्पा के 1949 में भारतीय सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ बनने की खुशी में मनाया जाता है, जोकि भारत की पूरी सैन्य स्वतंत्रता और औपनिवेशिक शासन से स्थानीय नेतृत्व में परिवर्तन का प्रतीकात्मक रूप दिखाता है। प्रतिवर्ष यह दिवस भारत के सैनिकों की बहादुरी और निस्वार्थ सेवा को सम्मानित करता है। इस वर्ष इस दिवस की थीम है-नेटवर्किंग और डाटा सेंट्रिसिटी, जो डिजिटल परिवर्तन, साइबर मजबूती और आधुनिक युद्ध में डाटा आधारित निर्णय लेने के उपयोग पर बल देता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028



## श्रीमद् भागवत गीता में व्यक्ति की हर परेशानी व दुविधा का हल : जैन

**सोनीपत।** श्री राधा कृष्णा मंदिर के परिसर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर नगर निगम पूर्व मेयर राजीव जैन ने कहा कि श्रीमद् भागवत गीता में व्यक्ति की हर परेशानी व दुविधा का हल मिलता है। हिंदू धर्म में सभी ग्रंथों में सबसे श्रेष्ठ श्रीमद्भगवद्गीता मानी जाती है, क्योंकि इसमें सभी ग्रंथों का सार है। श्रीमद् भागवत में भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को उपदेश दिए हैं और इन उपदेशों की मदद से भगवान श्री कृष्ण अर्जुन को इस संसार का सत्य बताते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही प्राणी मात्र का कल्याण संभव है।

## उपेक्षा के चलते पार्षदों ने दी 20 जनवरी से धरने देने की चेतावनी

- नगरपालिका अधिकारियों की मांगों को अनदेखा किया जा रहा : नवीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

नगरपालिका कर्मचारियों के कथित गैर जिम्मेदाराना चलते पार्षदों ने आगामी 20 जनवरी से धरना शुरू करने की चेतावनी दी है। पार्षद नवीन दहिया ने बताया के पिछले कई महीनों से लगातार नगरपालिका अधिकारियों से सभी पार्षद जानकारी मांग रहे हैं। लेकिन कोई जवाब नगरपालिका के अधिकारियों की तरफ से नहीं दिया जा रहा। यहां तक कि फाइनेंस कमेटी के सदस्यों को भी नगरपालिका का बजट तक नहीं दिखाया जा रहा। पार्षदों ने आशंका जताई है कि नगरपालिका में करोड़ों रुपयों का गबन किया गया है। जिसके स्पष्टीकरण के लिए पार्षदों ने कुछ लिखित सूचनाएं मांगी थी। पार्षदों ने रोष जताया के कई टेंडरों की विजिलेंस जांच का प्रस्ताव भी अगली मीटिंग में किया जाना है। लेकिन सचिव द्वारा मीटिंग नहीं बुलाई जा रही है। यह एक तरह से चेयरमैन के अधिकारों का हनन है। इन सब परिस्थितियों के चलते पार्षद नवीन दहिया, पार्षद जसबीर, पार्षद अनूप दहिया, पार्षद प्रमोद, पार्षद सीमा रानी, पार्षद वीना देवी, पार्षद सोमवती व पार्षद पूनम देवी ने सचिव पर कार्यवाही ना होने तक धरना शुरू करने का एलान किया है।



**खरखौदा।** विकास कार्य न कराए जाने पर रोष प्रकट करते पार्षद



**गन्नौर।** त्यागी समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष एवं समाजसेवी पुनीत राई को समृति चिन्ह देते विधायक देवेन्द्र कादियान व पदाधिकारी।

## गोसेवा भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग : पुनीत

**गन्नौर।** श्री श्री 108 बाबा मोहनदास गऊशाला के वार्षिकोत्सव में त्यागी समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष एवं समाजसेवी पुनीत राई द्वारा गऊशाला को एक लाख 11 हजार रुपए की आर्थिक सहायता देने पर मुख्यातिथि विधायक देवेन्द्र कादियान व गऊशाला समिति के पदाधिकारियों ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। पुनीत राई ने गऊशाला पहुंचकर गौसेवा के प्रति समाज की प्रतिबद्धता व्यक्त की। समाजसेवी पुनीत राई ने अपने संबोधन में कहा कि गौ सेवा भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है और समाज के प्रत्येक वर्ग को इसमें बढ़-चढकर योगदान देना चाहिए। उन्होंने गऊशाला प्रबंधन द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना की। गऊशाला प्रबंधन समिति ने त्यागी समाज हरियाणा ट्रस्ट तथा पुनीत राई का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार का सहयोग गौवंश की बेहतर देखभाल एवं गऊशाला के सतत विकास में सहायक सिद्ध होगा।

**प्रतियोगिता** युवाओं के सर्वांगीण विकास का मजबूत माध्यम होते हैं खेल: विधायक कादियान

# राज्यस्तरीय वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप का समापन, 400 खिलाड़ियों ने दिखाई ताकत

**खेल न केवल शारीरिक फिटनेस बढ़ाते, बल्कि अनुशासन, मेहनत और टीम भावना भी सिखाते हैं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

सोनीपत वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में कुराड़ स्थित श्योर 60 गुरुकुल प्रांगण में आयोजित 4 दिवसीय हरियाणा राज्य स्तरीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता का गुरुवार को समापन हो गया। प्रतियोगिता में प्रदेशभर से करीब 400 महिला और पुरुष खिलाड़ियों ने यूथ, जूनियर और सीनियर वर्ग में भाग लिया। प्रतियोगिता में पदम जीतने वाले अव्वल खिलाड़ी आगामी राष्ट्रीय वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगे। समारोह में विधायक देवेंद्र कादियान मुख्य अतिथि रहे।




**गन्नौर ।** विधायक देवेंद्र कादियानराज्य स्तरीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता के विजेता को ट्राफी देते हुए।

**विजेताओं को किया सम्मानित**

विधायक कादियान ने प्रतियोगिता का शुभारंभ कर विजेता खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि हर युवा को पढ़ाई के साथ-साथ अपना मनपंसद खेल खेलना चाहिए। खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का मजबूत माध्यम है। खेल न केवल शारीरिक फिटनेस बढ़ाते है, बल्कि अनुशासन, मेहनत और टीम भावना भी सिखाते है। वहीं, सोनीपत वेटलिफ्टिंग एसो. अध्यक्ष दीपक नैन कामी, हरियाणा वेटलिफ्टिंग एसो. अध्यक्ष दीपक अहलावत ने विधायक कादियान को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सोनीपत वेटलिफ्टिंग एसो. अध्यक्ष दीपक नैन कामी, हरियाणा वेटलिफ्टिंग एसो. अध्यक्ष दीपक अहलावत, अरुण कुमार, जोगिंद्र गिल, सोनीत मोर, अनिल लठवाल, कपिल कुमार, संदीप मोर, राजबीर ढाका आदि मौजूद रहे।

**राज्यस्तरीय वेटलिफ्टिंग के विजेता**

**86 केजी वूमन सीनियर** : रश्मी करनाल प्रथम, तन्नू हिसार द्वितीय।
86 केजी जूनियर में राघव करनाल प्रथम, मिरल कंबोज सोनीपत द्वितीय।
**79 केजी यूथ पुरुष** : में विशाल चरखी दादरी प्रथम, अनंत शर्मा रोहतक द्वितीय ।
**79 केजी जूनियर पुरुष**: में आर्यन ठाकरान रोहतक प्रथम, अनंत शर्मा रोहतक द्वितीय ।
**79 केजी सीनियर पुरुष** : आर्यन ठाकरान रोहतक प्रथम, अंकित करनाल द्वितीय।
**88 केजी यूथ पुरुष** : हेमराज गुरुग्राम प्रथम, शाह हुसैन नूंह द्वितीय।
**88 केजी जूनियर पुरुष** : मयंक सोनीपत प्रथम,तुषार रोहतक द्वितीय।
**88 केजी सीनियर पुरुष** : शंकर रोहतक प्रथम रहे।